RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 341
हिसार | शुक्रवार, 8 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







## महिला दिवस पर पीएम मोदी का महिलाओं को तोहफा, एलपीजी सिलेंडर किया सस्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 8 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बड़ी कटौती का ऐलान किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस कदम से खास तौर पर देश की महिलाओं को फायदा होगा।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि आज महिला दिवस पर, हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, खासकर हमारी नारी शक्ति को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि रसोई गैस को सस्ता बनाकर उनकी सरकार एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र का फैसला महिलाओं को सशक्त बनाएगा।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दी शुभकामनाएं

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने भारत की नारी शक्ति की ताकत और साहस को सलाम किया। उन्होंने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं! हम अपनी नारी शक्ति की ताकत, साहस और लचीलेपन को सलाम करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह है यह पिछले दशक में हमारी उपलब्धियों में भी परिलक्षित होता है।'

## सैन्य छावनी के समीप बनाया जाएगा भव्य एंट्री गेट

*शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने शहर में सौंदर्यकरण कार्यों की आधारशिला रखी*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने शिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर वासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त प्रदीप दहिया के साथ सबसे पहले सैन्य छावनी के समीप हिसार शहर में एंट्री करने से पहले अशोक द्वार का शिलान्यास किया। इस द्वार के निर्माण कार्य पर लगभग 3 करोड़ 41 लख रुपए की लागत आने का अनुमान है। इसके उपरांत निकाय मंत्री ने तोशाम रोड पर आईटीआई के समीप के चौक के सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस चौक पर शंख का मॉडल बनाया जाएंगा, जिसको बनाने में लगभग 12.76 लाख रूपये की लागत आएंगी। इसी प्रकार से ताऊ देवीलाल टाउन पार्क के अपग्रेडेशन एवं रिनोवेशन कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। अपग्रेडेशन एवं रिनोवेशन कार्यों पर लगभग 8 करोड रुपए की लागत आएगी। अगले एक वर्ष की अवधि में टाउन पार्क का कायाकल्प कर दिया जाएगा। उन्होंने शहर में 33 नए बस क्यू शेल्टर स्थापित करने के कार्य की आधारशिला भी रखी। शेल्टर बनाने पर लगभग 3 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत आएगी और यह कार्य वर्ष 2024 में ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने स्थानीय टाउन पार्क से ट्रक माउंटेड वॉटर स्प्रिंकलर यानी एंटी स्मोक गन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रदूषण की स्थिति से नागरिकों को निजात दिलाएगा। इससे बड़े पौधों पर जमी धूल मिट्टी को भी धोया जा सकेगा। इसकी क्षमता 10 किलो लीटर पानी की होगी। इस पर लगभग 45 लाख रुपए की लागत आई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सफाई वाहनों को भी रवाना किया।





## डिप्टी स्पीकर ने नलवा हलके के विभिन्न गांवों में विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को नलवा हल्के के विभिन्न गाँवों में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने गाँव डाया में एससी चौपाल के निर्माण कार्य और गाँव हरिता में सर छोटु राम चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम वासियों को संबोधित किया और प्रदेश-केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे जानकारी सांझी की। इसी प्रकार से डिप्टी स्पीकर ने गाँव कैमरी में चंडीगढ़ व यादव धर्मशाला, स्याहड़वा में बीसी चौपाल तथा तलवंडी रुक्का में विभिन्न गलियों का शिलान्यास किया। उन्होंने सभी गांवों में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करने के उपरांत लोगों की समस्याएं भी सुनी और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समस्या के निवारण की दिशा में जरूरी हिदायत दी। कई समस्याओं का निपटान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन अजय गावड, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोशन लाल, पंचायती राज से वीरेंद्र सिवाच, गांव हरिता के सरपंच रमेश फौजी, प्रतिनिधि राजेंद्र बुगालिया, ओमप्रकाश पटवारी सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।



विकास कार्यों का लोकार्पण करते हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा।

## हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पानीपत जिला में निजी अस्पताल का चिकित्सक डॉ विशाल मलिक को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंग के हाथों गिरफ्तार किया

**नागरिक अस्पताल, पानीपत के डॉ. पवन कुमार तथा क्लर्क नवीन कुमार द्वारा डॉ. विशाल मलिक के माध्यम से रिश्वत की मांग की गई थी**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 8 मार्च :** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पानीपत के निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. विशाल मलिक को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। इस मामले में नागरिक अस्पताल पानीपत में कार्यरत दो अन्य आरोपियो नामतः डॉ पवन कुमार तथा क्लर्क नवीन कुमार द्वारा डॉ विशाल मलिक के माध्यम से रिश्वत की मांग की जा रही थी। एसीबी की टीम द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो, करनाल के पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता द्वारा संचालित किए जा रहे इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता पर एफआईआर दर्ज न करवाने तथा जारी किए गए नोटिस को फाइल करवाने के बदले में 200000 रूपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी। एसीबी की टीम में मामले की पुष्टि करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए योजना बनाई जिनमें से निजी अस्पताल के डॉ. विकास मलिक को 200000 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। रिश्वत की यह राशि डॉ. विकास मलिक के माध्यम से अन्य दोनों आरोपियों डॉ पवन कुमार तथा क्लर्क नवीन कुमार तक पहुंचाई जानी थी। ब्यूरो द्वारा इस मामले में जल्द ही इन दोनों आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी । यह पूरी कार्यवाही गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर - 1800-180-2022 तथा 1064 पर देना सुनिश्चित करें।

## हिसार जिले को 146 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात से बढ़ेगी विकास की रफ्तार : डॉ. आशा खेदड़

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिले को लगभग 146 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देकर विकास की रफ्तार को बढ़ाया है। उन्होंने इन परियोजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा एक–हरियाणवी एक को सार्थक करते हुए पूरे प्रदेश का संपूर्ण विकास करवा रहे हैं। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअल माध्यम से इन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया है। इनमें विभिन्न विभागों की 16 परियोजनाएं शामिल हैं। परियोजनाओं में बरवाला शहर में नए बस स्टेंड तथा पेयजल योजना के नवीनीकरण व बढ़ोतरी के कार्यों का शिलान्यास, राजली हैड से चार गांवों जिसमें, बिछपड़ी, पंघाल, सरसौद व जेवरा के जलघरों के लिए पानी व्यवस्था, फरीदपुर पाबड़ा लिंक चैनल का शिलान्यास, आदर्श प्ले स्कूल बनभौरी का उद्घाटन, राजकीय उच्च विद्यालय खरकड़ी के नए भवन व चारदीवारी का शिलान्यास, अमृत सरोवर योजना के तहत गांव नंगथला, डाटा, शेखपुरा, सोरखी, गंगवा व कुलाना में तालाबों का उद्घाटन इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए गांव बालसमंद व आसपास के गांवों के लिए बालसमंद में चौधरी भजनलाल गवर्नमेंट कॉलेज भवन के निर्माण कार्य का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया। आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई की मौजूदगी यह उद्घाटन किया। यह कॉलेज क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार करने में सहायक थे। क्षेत्र के लोग पिछले काफी समय से कॉलेज की मांग कर रहे थे, जिनकी जरूरत को समझते हुए मुख्यमंत्री ने यह मांग पूरी की है।



## डिप्टी स्पीकर ने किया 21 फुट ऊंची सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण



**– पाठकपक्ष न्यूज –** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आज खरखोदा में 21 फुट ऊंची भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का अनावरण अपने कर कामलों से किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में यह कार्यक्रम किया गया था।






# सम्पादकीय..........

## अंग के जरूरतमंदों का जीवन बचाने की मुहिम में तेजी जरूरी

अंगदान का महत्त्व रेल हादसे में अपने दोनों हाथ गवां चुके दिल्ली के पेंटर से ज्यादा कौन समझ पाएगा? इसे चिकित्सा विज्ञान का करिश्मा ही कहा जाएगा जिसमें हैंड ट्रांसप्लांट के जरिए इस पेंटर को दोनों हाथ फिर से मिल गए हैं। निश्चय ही इससे उसका भावी जीवन सुगम हो जाएगा। इसके पीछे ब्रेन डेड घोषित हो चुकी वह महिला है, जिसके अंगदान ने एक साथ चार मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की। इस घटनाक्रम ने यह भी साफ कर दिया है कि अंगदान की मुहिम को और तेज किया जाए तो प्रतीक्षा कर रहे हजारों मरीजों की न केवल जान बचाई जा सकती है बल्कि उनके भावी जीवन की राह सुगम करने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। लेकिन अंगदान को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां भी हैं, जिन्हें दूर किए बिना इस मुहिम को गति देना आसान नहीं लगता। अभी तो स्थिति यह है कि औसतन प्रति दस लाख लोगों में से सिर्फ एक ही अंगदाताओं की सूची में है, जबकि दूसरी ओर अंग प्रत्यारोपण की चाह रखने वाले मरीजों में हर आठवें मिनट में एक व्यक्ति जुड़ रहा है। ऐसे में ब्रेन डेड घोषित हो चुके मरीजों के परिजनों को इस बात को लेकर प्रेरित करना भी जरूरी हो जाता है कि उनके प्रियजनों के न रहने पर भी उनके अंग किसी के काम आएंगे। तमिलनाडु में पहले ही सरकार ने इस तरह का प्रावधान कर रखा है। लोगों को भावनात्मक रूप से इस मुहिम से जोड़ने का यह प्रयास अच्छा ही कहा जाएगा। सही मायने में ऐसे कदमों का स्वागत ही किया जाना चाहिए जिससे अंगदान करने वाले के परिजन सम्मान और गर्व महसूस कर सकें। अच्छा तो यह हो कि स्कूली शिक्षा के स्तर पर ही बच्चों को अंगदान की जरूरत और इसके महत्त्व की जानकारी दी जाए। ओडिशा व तमिलनाडु जैसी पहल की जरूरत देश भर में है। अंगदान को प्रोत्साहित करने को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर समग्र नीति बनाई जाए। इस नीति में अंगदान का संकल्प करने वालों को भी सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस मुहिम को इस चिंता से भी जोड़ना होगा कि अंगदान की प्रतीक्षा में हर रोज मरने वालों का औसत 17 जनों का है। हो सकता है कि चिकित्सा विज्ञान और प्रगति कर ले, लेकिन तब तक अंग के जरूरतमंदों का जीवन बचाने की मुहिम में तेजी जरूरी है।

# शिवरात्रि के पावन पर्व पर अपने अंदर का शिवत्व जगाएं, जिससे जीवन सत्यम शिवम् सुंदरम् बन जाएं



-पाठकपक्ष डेस्क-

हर व्यक्ति के अंदर एक महाभारत चलता ही रहता है। हम अपने अंदर चल रहे अंतर्द्वंदों से बेखबर होकर, समय और स्थितियों के बहाव में बहे चले जाते हैं, तो कभी दुखी तो कभी सुखी महसूस करते रहते हैं। यह ठीक है कि जिंदगी में तो खुशी और ग़म बारी बारी से आते रहते हैं, कभी खुशी तो कभी गम, इसी का नाम जिंदगी है। यद्यपि हम सब कुछ करते तो खुशी के लिए ही है, परिणाम क्या होता है, वह अलग बात है। कई बार तो हम इतने प्रयास करते हैं, और उसमें इतने उलझ जाते हैं कि भूल ही जाते हैं कि जिस खुशी के लिए प्रयास कर रहे हैं वो तो हम इस प्रक्रिया में ही खो चुके हैं। इसलिए अपने आप को साक्षी होकर देखने की जरूरत पड़ती है कि हमें मालूम पड़े कि हम जा कहां रहे हैं, हमारा मन किधर है? हमारा ध्यान और हमारा फोकस किस पर हैं? एक बूढ़ा व्यक्ति था, उसकी उम्र 80 साल थी पर जब भी उससे मिलो, बात करो तो वो अपने दुःख और परेशानियों के बारे में बात करता, मतलब वह दुखी ही रहता था। वैसे तो सारे बूढ़े आपको अप्रसन्न और व्यथित ही मिलेंगे, पर वो तो हमेशा शिकायतों से भरा रहता, उसमें बहुत ही नेगेटिविटी थी। गांव में कभी किसी ने उसे हंसते ही नहीं देखा था, क्या बच्चे क्या बड़े, कोई उसके पास आता ही नहीं था, सब उससे दूर भागते थे। एक दिन उसने कहा कि वो अपना जन्मदिन मना रहा है,सब उसके घर उसे बधाई देने के लिए, पार्टी करने के लिए आएं। उस बूढ़े व्यक्ति को खुश देख कर पहले तो सब हैरान हुए पर सबको अच्छा लगा कि चलो जीवन में उसे खुशी तो मिली, चलकर पूछते हैं कि जन्म दिन तो हर साल आता है, पर अब की बार वो खुश कैसे हैं। सब उससे जब इसका रहस्य पूछने लगे तो वह बोला, कि वह जीवन में सुख-शांति के लिए निरंतर प्रयास करता तो रहा, उसे लगा कि खुशी के लिए वो सब कुछ तो कर चुका, सारे प्रयास कर लिए तो मुझे सूझा कि ऐसे ही क्यों न खुश रहा जाएं। मतलब संकल्प लें लिया कि मैं तो खुश रहूंगा और मैं खुश हो गया। बस दुःख को स्वीकार कर लिया तो सुखी हो गया। कई बार हमारे प्रयत्न ही हमारी खुशी में बाधा बन जाते हैं। जैसे कि ब्रह्मा कुमारी शिवानी बहन कहती हैं कि परिवर्तन करना सहज हैं, एक संकल्प की तो बात है, 'वन थॉट अवे' हम जैसे अपने अंदर विचार चलाते हैं, वैसी भावनाएं पैदा होती है और फिर हम वैसे ही महसूस करते हैं। कहते हैं कि एक व्यक्ति के संकल्प के आगे इतिहास बौना हो जाता है अर्थात व्यक्ति चाहे तो अपने संकल्प से इतिहास तो क्या सारी सृष्टि को बदल सकता है। आज शिव रात्रि के पावन पर्व पर हम भी यह देखें कि हमारे अंदर क शिवत्व का जागरण हो, हमारे संकल्प शिवत्व से भरपूर हो, जो कि जीवन में शुभता, सौम्यता और कल्याण को लेकर आएं और जीवन में सत्यं, शिवम्, सुंदरम् का शाश्वत प्रवाह बहें।

-डॉ. कमलेश कली

# सुण मौल्लड़ की



हरियाणा में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच रहेगा।

सही केन्डीडेट चुनना बी घणा जरूरी सै।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा से लाभ होगा। जनता का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** व्यापार में विस्तार होगा। नौकरी तलाश रहे लोगों को अनुकूल सफलता मल सकती है। मेहनत के अनुसार सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** धर्म कर्म में आस्था बढेगी। गुरूजनो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**कर्क :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करे। जोखिम लेने से बचे, नुकसान होने की संभावना। विरोधी फंसाने का प्रयास करेंगे। भगवान शिव जी की पूजा करे।

**सिंह :** कारोबारी यात्रा सुखद रहेगी। व्यापारिक साझेंदारी से लाभ होगा। परिवार का साथ खुशी देगा।

**कन्या :** शत्रुओं से सावधानी बरतें। षडयंत्र का शिकार हो सकते है। बेवजह बहस करने से बचे। गाय माता की सेवा करे।

**तुला :** प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। अनुभवी लोगों की सलाह का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** लोगों को अपने विरूद्ध खड़ा पाएंगे। सहयोगियों के साथ कहासुनी होने की संभावना। मन में अनहोनी का भय बना रहेगा। लक्ष्मी माता की पूजा करे।

**धनु :** लम्बे समय से चली आ रही उलझने दूर होगी। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में अनुभ का लाभ मिलेगा।

**मकर :** आर्थिक मुनाफा होने की संभावना। अटका धन वसूलने में सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखे। बातचीत में नरमी बरते।

**कुंभ :** मन संवेदनशील बना रहेगा। सिर पर चोट लगने की संभावना सावधानी रखे। सहयोगियों की बातों को लेकर मन खिन्नता बढेगी। भगवान हनुमान जी की पूजा करे।

**मीन :** अत्यधिक खर्चें के चलते मन में तनाव बना रहेगा। विवादास्पद मामले परेशान करेंगे। स्वास्थय में उतार चढाव संभव है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करे।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# नारायणी वेल्फेयर सोसाइटी ने महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरुकता के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** नारायणी वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 121 महिलाओ को विभिन्न क्षेत्रों मे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा महिलाओ के लिए स्वास्थ्य जागरुकता अभियान के तहत सर्वेश मल्टी स्पेशलिटी व अमेरिकन ओनकॉलॉजी के सहयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारी के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नायरा कामरा ने गणेश वंदना के साथ किया। दीक्षा शर्मा ने मंच संचालन किया। संस्था संस्थापिका गुंजन गोयल ने बताया कि संस्था समय समय पर इस तरह के जागरूकता शिविर लगाती रहती है। महिलाओ को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बारे मे जागरूक करना स्वस्थ भारत की और बढ़ते कदम है। डॉ. ज्योत्सना कामरा, डॉ. मनु सिद्धार्थ व डॉ. तृविक्रम ने बहुत ही आसान तरीके से बीमारियों से बचाव व् इलाज के लिए जागरूक किया। समजशेवी मिनाक्षी तायल व पूजा मित्तल ने संस्था के इस प्रयास की प्रशंशा कि और सफल आयोजन की बधाई दी।डॉ मीनाक्षी, अनिता जैन, डॉ नीतू, स्नेहा मेहता, कमल भाटिया, डॉ रचना शर्मा, रेणु जिंदल, एकता चावला, सुमन बामेल, कीर्ति गोयल, मणिशा सिंह, उषा शर्मा, मिताली, कांता शर्मा, सरिता जैन, डॉ बानी गोदारा, मोनिका वर्मा, शालू, आदि कार्य क्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में विगत दिवस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वुमेन सेल द्वारा कोलॉज मेकिंग व स्टार्ट अप आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आकर अपना मुकाम हासिल कर रही है। मशीनीकरण के युग में बल से ज्यादा दिमाग जरूरी है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कहा कि आज महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए समाज की सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है। इस मौके पर वुमेन सेल प्रभारी सुमन शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने दोनों प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्टार्ट अप आइडिया प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुमन ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने द्वितीय स्थान व बी कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने द्वितीय स्थान व बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पिंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# आर्ट ऑफ लिविंग हिसार द्वारा महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक का आयोजन आज सायं

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 8 मार्च :** आर्ट आफ लिविंग हिसार परिवार द्वारा महाशिवरात्रि पर सामूहिक रुद्र पूजा का आयोजन आज 08 मार्च को किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय बुधला संत मंदिर, सेक्टर-14 में सांय 6 बजे से किया जाएगा। वैदिक धर्म संस्थान के कोऑर्डिनेटर कृष्ण ने बताया कि बैंगलोर से पधार रहे वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा रुद्र पूजा करवाई जाएगी। नीरज गुप्ता ने जानकारी में बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शिव और शक्ति का मिलन क्या है? यह संपूर्ण सृष्टि शिव का खेल है, एक चेतना का नृत्य है जो दुनिया की इन सभी विविध प्रजातियों में प्रकट हुई है।

# महिलाओं को कमजोर समझना हमारा भ्रम है : पूनम नागपाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों की याद दिलाता आज का दिन हर महिला के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। सौभाग्य की बात है आज महिलाएं हर क्षेत्र में नए से नए आयाम स्थापित कर रही हैं। देश के सर्वोच्च पद पर भी एक महिला ही है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी महिलाओं की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। महिलाओं को रोजमर्रा के जीवन में अनेक चुनौतियो व वर्जनोंओ का सामना करना पड़ता है। कुछ तो जब लड़की जन्म लेती है, उसे दूध में घुट्टी के जैसे घोलकर पिलाई जाती है। तुम लड़की हो तुम यह नहीं कर सकती। लड़कियां ऐसे थोड़ा ना करती हैं। लड़कियों को हमेशा ऐसे ही करना चाहिए आदि। मन में विचार उठते हैं कि कहीं भगवान ने सच में पुरुषों और महिलाओं के शारीरिक व बौद्धिक स्तर में कोई अंतर तो नहीं बनाया। फिर सोचती हूं कि अगर यह बात मनुष्य पर लागू होती है तो जरूर जानवरों पर भी लागू होती होगी। इसके लिए मैंने सबसे पहले चीटियों के झुंड को देखा और पाया कि रानी चींटी के द्वारा ही सारे निर्णय लिए जाते हैं और पूरे झुंड की देखरेख का जिम्मा भी उसके सिर पर होता है, वहीं सभी का नेतृत्व करती है और सबको उनके काम बांटती है। फिर मैंने सबसे शक्तिशाली जानवर शेर को ध्यानपूर्वक देखा तो पाया कि ज्यादा शिकार तो शेरनी के द्वारा ही किए जाते हैं। शेर तो गुफा में आराम करता रहता है। शेरनी ही शिकार करके अपने शावकों का पेट भरती है। अगर मादा शारीरिक रूप से कमजोर होती तो क्या वह शिकार कर पाती। इससे पता चलता है कि मादा नर से किसी भी तरह से शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर नहीं है। यह अंतर हम सभी के द्वारा ही किया गया है। महिलाओं को कमजोर समझना सिर्फ हमारा भ्रम है। इस बात का प्रमाण महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से दे चुकी हैं। बहुत सी वर्जनाएं महिलाओं के द्वारा तोड़ी जा चुकी है लेकिन अभी भी बहुत सा कार्य किया जाना बाकी है। यह जोश, यह जुनून व यह जशन सिर्फ एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हर दिन महिला का दिन है। हर दिन इंसानियत का उत्सव है जिसकी केंद्र बिंदु महिला है। यह जश्न सिर्फ बातों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। आशा है हम इस वर्ष महिलाओं की प्रगति के लिए कोई भी एक संकल्प ले और पूरा वर्ष उस दिशा में कार्य करें। हमारे द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते हैं।

# समय की रेत पर छाप छोड़ती युवा लेखिका प्रियंका सौरभ

***युवा महिला लेखिका जो हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं जो विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। प्रमाणित सबूत गूगल के रूप में प्रियंका सौरभ और आपको सब कुछ मिल जायेगा। दुनिया के सबसे बड़े शिक्षा मंच unacademy और व्यक्तिगत यूट्यूब चैनल पर लड़कियों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना। विशेष रूप से निराश्रित महिलाओं और बच्चों, विधवाओं, विकलांग महिलाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों के समर्थन और पुनर्वास के बारे में अपने लेखन और सेमिनार के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं को शिक्षित करना। प्रियंका ने अभी तक पांच किताबें लिखी हैं, दो कविताएं 'दीमक लगे गुलाब' और 'परियों से संवाद', एक महिलाओं के मुद्दों और दर्द के बारे में है जिसका शीर्षक 'निर्भयाएं' है और एक अंग्रेजी में वर्तमान युग में महिलाओं की प्रगति के बारे में 'फीयरलेस' है। पांचवी पुस्तक समय की रेत पर समसामयिक निबंध है।***




(महिला दिवस विशेष)

-पाठकपक्ष डेस्क-

यह कहानी है हिसार के आर्यनगर गांव की बेटी 28 वर्षीय युवा लेखिका प्रियंका सौरभ की, जो मौजूदा समय में महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं और अपनी कलम से नारी जगत के लिए आवाज उठा रही हैं। कविता के अलावा वे प्रतिदिन अपने संपादकीय लेखों से विभिन्न भाषाओं में लेखन कार्य कर रही हैं। उनकी कई पुस्तकें हाल ही में प्रकाशित हुई हैं। इनमें सामाजिक और राजनीतिक जीवन की कड़वी सच्चाई को व्यक्त करने वाले निबंध 'दीमक लगे गुलाब' और आधुनिक नारी की समस्याओं से रूबरू कराने वाली 'निर्भयाएं' शामिल हैं। इन दो किताबों के अलावा हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति पर आधारित अंग्रेजी में 'द फीयरलेस' किताब शामिल है। समय की रेत पर इनका नया निबंध संग्रह है।

युवा लेखिका प्रियंका सौरभ लगातार महिलाओं की समस्याओं पर लिखती रही हैं। प्रकाशित पुस्तकों में प्रियंका सौरभ ने आधुनिक नारी की वर्तमान समस्याओं को रखा है, जो वर्तमान में कहीं न कहीं उनके जीवन को प्रभावित कर रही हैं। प्रियंका सौरभ का जन्म आर्यनगर, हिसार, हरियाणा में हुआ। उनके पिता सुमेर सिंह उब्बा एक कानूनगो हैं और मां रोशनी देवी एक गृहिणी हैं। बचपन से ही उन्हें लिखने-पढ़ने का शौक रहा है। ये राजनीति विज्ञान में मास्टर और एमफिल हैं। वर्तमान में वे रिसर्च स्कॉलर हैं और हरियाणा सरकार में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आर्यनगर गांव से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर और एमफिल की शिक्षा प्राप्त की। बचपन से ही उनकी साहित्य में रुचि रही है। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने अपनी साहित्यिक रुचि नहीं छोड़ी। और अपना लेखन कार्य जारी रखा। कविता लेखन के साथ-साथ उन्हें संपादकीय लेखन का भी शौक है। प्रतिदिन उनके संपादकीय लेख देश भर के समाचार पत्रों में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। प्रियंका ने अपनी पुस्तकों के प्रकाशन को समय का सदुपयोग बताया। इस दौरान उन्हें अपना क्रिएटिव लेवल बढ़ाने का मौका मिला है। फलस्वरूप इनकी कई पुस्तकें साहित्य जगत में आई हैं।

प्रियंका सौरभ ने पिछले 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों और जागरूकता से संबंधित कई संस्थानों और संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है और 2021 में उन्हें 'आईपीएस मनुमुक्त' मानव 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उनकी साहित्यिक और



शैक्षणिक उपलब्धियों के परिणामस्वरूप, प्रियंका सौरभ को वर्ल्ड पीस फाउंडेशन द्वारा 'मानद डॉक्टरेट' से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2022 में, उन्हें दिल्ली में 'नारी रत्न पुरस्कार' और रोहतक में 'हरियाणा की शक्तिशाली महिला पुरस्कार' से भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और गजेंद्र चौहान, भारतीय महाकाव्य महाभारत के युधिष्ठिर ने इनको सम्मानित किया।

-रेनू शब्द मुखर

**Name Change**

I, Sonu S/o Sh. Jagdish Chander R/o H. No. 10, Near Shiv Chowk, Mahavir Colony, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Sonu to Sonu Saini for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Chand Lamba W/o Sh. Tejasvi R/o H. No. 265, Ward No. 5, Arya Bazar, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Chand Lamba to Chand Kalra for all future purpose.

- Deponent

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar

Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# हिसार जिले को मिली लगभग 146 करोड़ रुपये की राशि की विकास परियोजनाओं की सौगात

## शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता व श्रम मंत्री अनूप धानक ने किया लोकार्पण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार जिले को लगभग 146 करोड़ रुपये की राशि की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता व श्रम मंत्री अनूप धानक ने विभिन्न विभागों की 16 परियोजनाओं उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें बरवाला शहर में नए बस स्टैंड तथा पेयजल योजना के नवीनीकरण व बढ़ोतरी के कार्यों का शिलान्यास, राजली हैड से चार गांवों जिसमें, बिछपड़ी, पंघाल, सरसौद व जेवरा के जलघरों के लिए पानी व्यवस्था, फरीदपुर पाबड़ा लिंक चैनल का शिलान्यास, आदर्श प्ले स्कूल बनभौरी का उद्घाटन, राजकीय उच्च विद्यालय खरकड़ी के नए भवन व चारदीवारी का शिलान्यास, अमृत सरोवर योजना के तहत गांव नंगथला, डाटा, शेखपुरा, सोरखी, गंगवा व कुलाना में तालाबों का उद्घाटन इत्यादि शामिल हैं।

निकाय मंत्री ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई सोच के साथ नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में प्रदेश सरकार ने लोगों को बड़ी सौगात दी है। लोगों की शिकायतों और समस्याओं को भी सुना जा रहा है और मौके पर ही उसके समाधान के कदम भी उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के नाते से एक समान विकास सुनिश्चित करने का संकल्प लिया हुआ है। इसी संकल्प के चलते किसी विशेष जिले या इलाके की बजाय हर क्षेत्र में विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं। निकाय मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के अनेक काम किए हैं। भर्तियों व ट्रांसफर के सिस्टम में बड़ा बदलाव करके पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार को खत्म किया है। सरकार ने ऐसी व्यवस्थाएं की हैं कि आज योजनाओं व सुविधाओं का लाभ लोगों को उनके घर द्वार पर मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे को विश्व स्तर के हवाई अड्डे के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र को मैन्युफैक्चरिंग एवं मेंटेनेंस हब के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए परिवार पहचान पत्र एक सशक्त माध्यम बन गया है।



नागरिकों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र व्यक्ति की घर बैठे ही पेंशन बनाई जा रही है और साथ ही पात्र व्यक्ति के बीपीएल कार्ड व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-चिरायु हरियाणा कार्ड भी बनाए जा रहे हैं।

श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पूरे प्रदेश को एक इकाई मानकर समान विकास किया है। जिले को मिली विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी इन विकास परियोजनाओं से आमजन को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम को विधायक विनोद भयाणा व जोगीराम सिहाग ने भी संबोधित किया। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, वे निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ पूर्ण हों। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता प्रवीण जैन, रामचंद्र गुप्ता, कृष्ण बिश्नाई अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार इंदौरा, सुरेंद्र सैनी, लोकेश असीजा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 11 मार्च को आरंभ होगा अग्रोहा पुरातात्विक स्थल पर जीपीआर सर्वेक्षण कार्य विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता करेंगे शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सोमवार 11 मार्च को हिसार के अग्रोहा पुरातात्विक स्थल पर जीपीआर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी देते हुए विधानसभा कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अग्रोहा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए यहां उत्खनन का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में यहां पहले जीपीआर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता प्रातः 11 बजे सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ करने उपरांत अग्रोहा में एक पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

## डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने नारी वंदन कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 8 मार्च :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने वीरवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के नारी वंदन कार्यक्रम में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गठन के उपरांत हरियाणा की पावन धरा से बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान की शुरुआत की थी, जिसके परिणाम आज हम सबके सामने है। प्रदेश के लिंगानुपात में आशा के अनुरूप सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त स्थानीय चुनावों में महिलाओं के आरक्षण को बढ़ाया गया। इससे उन्हें प्रतिनिधित्व के अधिक अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए आरंभ किए गए अनूठे कार्यक्रमों का ही परिणाम है कि आज किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पीछे नहीं हैं। डिप्टी स्पीकर ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को अवश्य पढाएं, क्योंकि एक पढ़ी लिखी बेटी अपने माता-पिता, अपने ससुराल तथा अपने बच्चों के परिवारों को बेहतर ढंग से संभालती है और पथ प्रदर्शक बनती है। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चेयरमैन ईश्वर मालवाल, अजय गावड़, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, जिला महिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू, जगत कैमरी, अशोक मित्तल, ओमपती आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च को

### मामलों के निपटारा के लिए विभिन्न बैंच के अधिकारियों की जिम्मेवारियां निर्धारित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 09 मार्च को न्यायिक परिसर हिसार एवं हांसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न बैंच लोगों के मामलों को सुनेंगी, जिनमें न्यायाधीशों के द्वारा लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थापित की जाने वाली बेंच में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप मित्तल, प्रधान जिला न्यायाधीश (पारिवारिक न्यायालय) पूनम सूनेजा, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नीरू कंबोज, जेएमआईसी हरजोत कौर व अंतर प्रीत सिंह हिसार में तथा जेएमआईसी राकेश कुमार हांसी सिविल एवं आपराधिक मामलों का निपटारा करेंगे।

हरियाणा सरकार

"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था।
यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय।
21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है।
जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान
पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# अंत्योदय से अंतिम के उदय को साकार करती हरियाणा सरकार

## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY)

## श्री मनोहर लाल

मुख्यमंत्री, हरियाणा

द्वारा

## शुभारंभ




हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक **निःशुल्क यात्रा** की सुविधा

एक लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले लगभग 22 लाख 89 हजार परिवारों के अनुमानित **84 लाख सदस्य होंगे लाभान्वित**

**₹50 के मामूली अंशदान** पर लाभार्थियों के लिए बनाया जाएगा **HAPPY CARD**

**HAPPY CARD**
आवेदन हेतु
क्यू आर कोड स्कैन करें
अथवा
वेबसाइट पर जाएं

https://ebooking.hrtransport.gov.in/#/ppp/apply/happy



सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# हिन्दी प्राध्यापिका कुमारी सुमन सलूजा को मिला श्रेष्ठ महिला कर्मचारी सम्मान




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर माध्यमिक शिक्षा विभाग में हिन्दी प्राध्यापिका के पद पर नियमित कार्यरत बरवाला निवासी सुमन सलूजा जिसका नियुक्ति स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी बरवाला है, उन्हें हरियाणा सरकार की श्रेष्ठ महिला कर्मचारी अवार्ड से प्रशस्ति पत्र एवं 21000 रूपए की इनाम राशि देकर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, महिला बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढाण्डा, महिला बाल विकास विभाग की निदेशक मोनिका मालिक आईएएस, आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार आईएएस, राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर पंचकुला में इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय समारोह में नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान समाज सेवा में बढ़ चढ़कर भाग लेने एवं राजकीय सेवा में सराहनीय कार्य करने पर दिया गया। इस से पूर्व इन्हें पंजाब राज्यपाल, मुख्यमंत्री हरियाणा, विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा, शिक्षा मंत्री, जिला उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी हिसार, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में वनस्पति उद्यान का लोकार्पण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने वीरवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में वनस्पति उद्यान का लोकार्पण किया। वनस्पति उद्यान को विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 18 लाख 85 हजार रुपये की राशि दी गई है। इसके अतिरिक्त गणित प्रयोगशाला के लिए भी 8 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है। इस अवसर पर अपने संबोधन में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा में सुधार के लिए नई शिक्षा नीति को लागू किया है, जिसमें विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के साथ उन्हें नैतिक व संस्कारवान बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा नौकरियों में पारदर्शिता की नीति के चलते युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय के प्रिंसिपल रमेश आर्य, एलिजा कुंडू, निर्मल कुमारी एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# रिहायशी क्षेत्रों के ऊपर से हाईटेंशन वायर हटाने के लिए 161 करोड़ रुपये का प्रावधान : ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह

## लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित बिजली पंचायत में सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में शिरकत कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं को सुना। बिजली पंचायत में 66 से अधिक समस्याएं व मांगे रखी गई। इसके अतिरिक्त हिसार व आसपास जिलों की लगभग 20 पंचायतों द्वारा सामूहिक कार्यों की मांग भी रखी गई। ऊर्जा मंत्री ने समस्याओं के निवारण हेतु अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लाइन लोस को घटाना एक बड़ी उपलब्धि रहा है और जल्द ही लाइन लोस को और कम करके इस सिंगल डिजिट में लाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को ढाणियों में लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र मुहैया करवाने व उपभोक्ताओं के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने की हिदायत दी। उन्होंने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से कहा कि वे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करें। हाई वोल्टेज लाइन पर अतिरिक्त सावधानियां बरती जाएं ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। स्मार्ट मीटर के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करें। उन्होंने निगम के अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करने तथा जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिक स्तर पर करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर बरवाला विधायक जोगीराम सिहाग सहित अनेक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार ने जनहित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई : आशा खेदड़



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार/हांसी, 8 मार्च :** हांसी की सैनी धर्मशाला में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी की अध्यक्षता में ओबीसी सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें मंच संचालन जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने किया व मुख्य अतिथि के रुप में जिला अध्यक्ष डॉक्टर आशा रानी खेदड़ ने शिरकत करते हुए सामाजिक समरसता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरकार बनाने में ओबीसी समाज के योगदान व महत्त्वता के बारे में बताया कि मौजूदा सरकार ऐसी सरकार है, जो कि ना भूतों ना भविष्यति, जो कल्याणकारी योजना यह सरकार लेकर आ रही है ऐसी किसी भी सरकारों ने नहीं चलाई। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज को राजनीति का आरक्षण देने का काम हमारी पार्टी ने किया है। इस मौके पर हरियाणा सरकार में व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अशोक कनोजिया, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अशोक सैनी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अशोक सैनी, पूर्व जिला सचिव ओम प्रकाश यादव, जिला महामंत्री देशराज वर्मा, जिला महामंत्री बीरबल स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष राममेहर बैरागी, जिला सचिव सतीश गिल, जिला सचिव अंबिका प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्याम जांगड़ा, उमरा मंडल अध्यक्ष रमेश टोकसिया, जिला स्वामी सभा के अध्यक्ष चंद्रभान स्वामी, गोरधन बैरागी, नरेश स्वामी, राजबीर स्वामी आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव से पहले हिसार में सियासी ताकत दिखाएगी जेजेपी

## 13 मार्च को होने वाली रैली को लेकर डिप्टी सीएम ने 7 हलकों के पदाधिकारियों के साथ की मैराथन बैठक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** लोकसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी हिसार में सियासी ताकत दिखाएगी। 13 मार्च को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन के अवसर पर जेजेपी हिसार लोकसभा में नवसंकल्प रैली करेगी और पार्टी कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर जोश भरेगी। यह रैली हिसार के पुराने राजकीय कॉलेज मैदान में होगी। जेजेपी द्वारा इस रैली को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। वीरवार को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व जेजेपी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिसार लोकसभा के सात हलकों नारनौंद, उकलाना, बरवाला, हिसार, हांसी, नलवा व आदमपुर के जेजेपी पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की और रैली की तैयारियों को लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। करीब छह घंटे चली इस मैराथन बैठक में रैली मैनेजमेंट, इलेक्शन कैंपेन और पार्टी ऑर्गेनाइजेशन को लेकर विस्तार से मंत्रणा की गई और रैली को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। इस अवसर पर जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. केसी बांगड़, राज्य मंत्री अनूप धानक, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेन्द्र लितानी, महिला प्रदेशाध्यक्ष शीला भ्याण, प्रदेश उपाध्यक्ष कै. छाजूराम, जिला प्रभारी मा. ताराचंद, जिलाध्यक्ष अमित बूरा, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट मनदीप बिश्नोई, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ. अजीत सिंह, पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मूंड सहित सभी हलका प्रधान व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय श्री गुरु जंभेश्वर सेवक दल शाखा हिसार की टीम मुकाम मेले में सेवा देने के लिए रवाना हुई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** अखिल भारतीय गुरु जंभेश्वर सेवक दल शाखा हिसार के 120 सेवकों का जत्था दो बसों द्वारा चार दिवसीय फाल्गुनी अमावस्या मेला मुकाम तहसील नोखा जिला बीकानेर में कार सेवा हेतु हेतु रवाना हुआ, जिसको बिश्नोई सभा, हिसार के उप प्रधान श्री आत्मा राम जाजूदा, महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान श्री सुभाष देहडू, अखिल भारतीय गुरु जंभेश्वर कर्मचारी कल्याण समिति के प्रधान श्री निहाल सिंह गोदारा, अखिल भारतीय गुरु जम्भेश्वर सेवक दल शाखा हिसार के प्रधान श्री सहदेव कालीराणा, सेवक दल शाखा हिसार के सचिव संदीप गोदारा, उपाध्यक्ष श्री जगदीश सुथार, डा भूप सिंह गोदारा (स्वास्थ्य विभाग, मुकाम मेडिकल कैंप) इत्यादि ने फल वितरित करके सेवा हेतु रवाना किया।

# जिले के पांच युवाओं की युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव पर नियुक्ति

## नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस को मजबूत बनाएंगे : कृष्ण सातरोड़



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** युवा कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश महासचिव व पूर्व जिला पार्षद कृष्ण सातरोड़ ने युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिवों की नियुक्ति पर कांग्रेस महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी कुमारी शैलजा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास, प्रदेश प्रभारी मनीष चौधरी व प्रदेश सह प्रभारी अरूणा महाजन का आभार जताया। कृष्ण सातरोड़ ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी मेहनत करके कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। जिले से नरेश सोखल खान बहादुर, नवीन वत्स उमरा, सन्दीप सिहाग सिवानी बोलान, प्रवीन सहरावत खरड़, अमित दूहन कंवारी को प्रदेश सचिव बनाया गया है। सभी युवाओं नेताओं ने अपनी नियुक्ति के लिए कु. शैलजा व युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण सातरोड़ से मिलकर प्रदेश स्तरीय जिम्मेवारी के लिए आभार जताया। कृष्ण सातरोड़ ने कु. शैलजा व शीर्ष नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि नवनिुयक्त पदाधिकारी कांग्रेस को नए आयाम तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# टैगोर युवा मंडल चौधरीवास ने श्री कृष्ण सुदामा गोशाला को गौमाता के लिए दिया अनुदान राशि का चैक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** निकटवर्ती गांव चौधरीवास में टैगोर युवा मंडल चौधरीवास के सदस्यों ने गांव में स्थित श्री कृष्ण सुदामा गोशाला को गौमाता के लिए इक्यावन सौ की अनुदान राशि गौशाला के प्रधान सजंय डालमिया को चेक के माध्यम भेंट कि। इसके अलावा टैगोर युवा मंडल के सदस्यों ने गौशाला की परिक्रमा करके गौ माता की पूजा की। इस मौके पर राजकुमार झांझड़िया ने गौ माता के विषय में विस्तार से बताया उन्होंने कहा की गौ माता का दूध अमृतमई होता है इसके सेवन से काफी रोग दूर होते हैं। इस अवसर पर संचित अग्रवाल, सूरज भान गोदारा, भंवर सिंह गोस्वामी, राजकुमार शर्मा, रामकुमार लोहचब भी मौजूद रहे।

# मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का हो त्वरित समाधान : उपायुक्त प्रदीप दहिया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कृषि एवं किसान कल्याण के अधिकारियों को मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को बेवजह कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। वे वीरवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रबी फसलों के पंजीकरण के आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसानों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा हाल ही में भारी बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का ब्यौरा भी ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर देने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने गिरदावरी के कार्यों को पूरी गंभीरता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए राजस्व, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को जरूरी हिदायत दी।

# संयुक्त जल संघर्ष समिति की मीटिंग हुई : दिलबाग हुड्डा लुदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** संयुक्त जल संघर्ष समिति के पदाधिकारी की मीटिंग सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ एसई के कार्यालय में हुई। इसमें आगामी 20 मार्च से भाखड़ा नहर में आने वाली बंदी बारे चर्चा हुई। लंबे समय से बहुत काम लंबित है। बंदी के दौरान सभी मुख्य नहरों की सफाई, बालसमंद सब ब्रांच, बरवाला ब्रांच की मरम्मत आदि बासडा न. 2,3 बनाने बारे विचार विमर्श हुआ। अधिकारियों के द्वारा बंदी के दौरान होने वाले सभी काम पूरे करवाने का आश्वासन दिया। आने वाली वर्षा ऋतु के दौरान जिले की सभी नहर चलाने के लिए व सभी काम 31 मई तक करने का निश्चय किया गया। जिले की सभी ड्रेन की सफाई 15 जून तक करनी निश्चित हुई। इस मौके पर संयुक्त जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजेन्दर बेनीवाल, मुख्य सलाहकार दिलबाग हुड्डा लुदास, सत्यवीर पूनिया महासचिव, सतबीर गढ़वाल कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र पूनिया सचिव, सतबीर झाझरिया उपाध्यक्ष, रामवीर न्योली, हवा सिंह झाझरिया, जगदीश सरपंच, पवन लोरा, छैलू नम्बरदार भी मौजूद रहे।

# रियलमी ने 16999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश करके मिड-प्रीमियम सेगमेंट में हलचल मचाई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 मार्च :** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसकी 'मेक इट रियल' और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है, जो यव यूज़र्स की जरूरतों से मेल खाती है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि आज हमारे सफर का एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि हम आज रियलमी 12 सीरीज 5जी में दो शानदार स्मार्टफोन - रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लेकर आए हैं। यह लॉन्च हमारी संशोधित 'मेक इट रियल' रणनीति के अनुरूप है। ये दोनों स्मार्टफोन हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हमारा मानना है कि रियलमी 12 सीरीज 5जी मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अद्वितीय मूल्य और प्रदर्शन के साथ हमारी यह प्रतिबद्धता पूरी कर रहा है। मीडियाटेक इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग और कम्युनिकेशन, अनुज सिद्धार्थ ने कहा कि मेनस्ट्रीम से लेकर फ्लैगशिप सेगमेंट तक, सभी स्मार्टफोन को पॉवर मीडियाटेक से मिलती है।


**Name Change**

I, Rajbir S/o Sh. Bhag Singh R/o H. No. 2252, Laxmi Vihar, Kaimri Road, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Rajbir to Rajbir Singh for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Sandeep Kumar S/o Sh. jagdish Chander R/o H. No. 12 New Saket Colony, Rajgarh Road, Hisar do hereby solemnly affirm and declare That my son Kriyansh Kumar is students of The Aryan School, Hisar in 7th Class. That in his school record his name mentioned as Kriyansh but my son true and correct name is Kriyansh Kumar. That Now my son name may be changed as Kriyansh Kumar in his School record in place of Kriyansh.

- Deponent

**Name Change**

I, Madhu W/o Chander Parkash Verma R/o H. No. 753, Near New Lord Krishna School, Sector 14-P, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Madhu to Madhu Verma for all future purpose.

- Deponent







**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

**Name Change**

I Ashok Banga S/o Sh. Ramsaran R/o 242, Bank Colony Opp. Town Park, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Ashok Kumar to Ashok Banga for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I Vadi Banga D/o Ashok Banga R/o 242, Bank Colony Opp. Town Park, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Vadi to Vadi Banga for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I Ritu Banga W/o Ashok Banga R/o 242, Bank Colony Opp. Town Park, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Ritu to Ritu Banga for all future purposes.

- Deponent

# स्कूल की बेसिक शिक्षा छात्रों को जरूर लेनी चाहिए : प्रिंसिपल वर्षा राणा

## सेंट सोफिया स्कूल में 15 डिफरेंट सब्जेक्ट्स के साथ बच्चों को सफलता दिलवाने का विशेष प्रयास



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 8 मार्च :** सेक्टर 15 स्थित सेंट सोफिया स्कूल की प्रिंसिपल वर्षा राणा से स्कूलों में 10वीं और 12वीं के बच्चों की उपस्थिति को लेकर इस संवाददाता ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि साइंस को छोड़कर बाकी सभी संकायों में बच्चों की उपस्थिति सही है। साइंस में इसलिए सही नहीं है क्योंकि अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में डाल देते हैं। वे कोचिंग के लोभ में स्कूल में पढ़ाए जाने वाली बेसिक शिक्षा को मिस कर जाते हैं और कहीं न कहीं बच्चे का उसको हर्जाना भरना पड़ता है। इंस्टीट्यूट वाले बच्चे के दिमाग में ये डाल देते हैं कि स्कूल में जाने से उनका टाइम वेस्ट होता है।

स्कूली बच्चों में हुक्का और नशे की शिकायत मिलने के सवाल पर वर्षा राणा ने कहा कि यह स्कूल परिसर से बाहर की बात है। स्कूल में ऐसा कुछ हो ही नहीं सकता। अभिभावकों को अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए।

हमारे स्कूल के बच्चे स्पोर्ट्स में बहुत अच्छा कर रहे हैं। खेलों में मेडल ला रहे हैं। नेशलन से इंटरनेशनल और ओलंपिक तक भी अपनी छाप छोड़ी है। इसके अलावा काफी बच्चे इंजीनियर और डॉक्टर भी बन चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न आर्ट के लिए हमने ऑप्शन दे रखे हैं। फैशन स्टडीज का एक बढ़िया कोर्स है। इसमें फैशन स्टडीज, म्यूजिक और फाइन आर्ट को मिलाकर फोकस सेट कर देते हैं ताकि बच्चा बड़ा होकर उसी दिशा में जाए और कामयाबी मिले। इसके अलावा हमारे पास 15 डिफरेंट सब्जेक्ट्स हैं, जिनके माध्यम से हम अपने बच्चों को अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता दिलवाने की कोशिश करते हैं।

बच्चों को अपनी पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखानी चाहिए। इसके साथ ही बच्चों को हार्ड वर्क करने की भी जरूरत है। स्कूल टाइम में आपका बेस तैयार होता है जो आगे जाकर आपको सफलता की राह दिखाता है। इसलिए स्कूल की बेसिक शिक्षा बच्चे को जरूर लेनी चाहिए।

# जेजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दलबीर धीरणवास ने पार्टी को कहा अलविदा



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 8 मार्च :** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के खास माने जाने वाले पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दलबीर धीरणवास का पार्टी से मोह भंग हो गया है। उन्होंने आज अपने पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। दलबीर धीरणवास ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला को भेजे त्याग पत्र में आरोप लगाया कि पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। ऐसे हालातों में वो पार्टी के साथ कार्य नहीं कर पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दलबीर धीरणवास वर्ष 2011 में भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर इनेलो में शामिल हुए थे। इसके बाद जननायक जनता पार्टी के गठन के बाद वो इनेलो को छोड़कर डा. अजय चौटाला परिवार के साथ आ गए थे। उनको हिसार जिला व नलवा हलका में डा. अजय चौटाला परिवार का काफी खास माना जाता था। ऐसे में उनका लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को छोड़ना जेजेपी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

# संजना सतारोड़ ने किया नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन



– **पाठकपक्ष न्यूज** – सुश्री संजना सातरोड द्वारा तारा फोर्ड परिसर, दिल्ली बायपास रोड, पर आयोजित किया गया विशाल नारी शक्ति सम्मान समारोह व महाशिवरात्रि संकीर्तन।

# भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर झुग्गियों में रहने वाली महिलाएं सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 8 मार्च :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा बांगर सीमेंट के सहयोग से सेक्टर 16 की झुग्गियों में रहने वाली उन महिलाओं का सम्मान किया गया, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने परिवार का पालन-पोषण कूड़ा बीन कर व घरों में साफ-सफाई का काम करके करती हैं। सम्मानित की गई महिलाओं को माला पहना कर व लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। बांगर सीमेंट की ओर से रीजनल इंचार्ज दिनेश शर्मा, जिला इंचार्ज अतुल शर्मा, मोहित सैनी, शुभम सोनी के अलावा भीख नहीं किताब दो संस्था की अध्यक्ष अन्नू चिनिया, गरिमा बंसल, अंकुर व राजेश कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

# 'चलें धामों की ओर' पुस्तक का लोकार्पण किया



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 8 मार्च :** श्री जयभगवान सैनी ने भिन्न-भिन्न विभागों में नौकरी की और अंत में औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति के बाद इन्होंने साहित्य द्वारा देश और समाज की सेवा करने की ओर कदम बढ़ाया है। अब तक इनकी पांच यात्रा-संस्मरण क्रमशः श्री अमरनाथ धाम एवं गंगा मैया, डगर-डगर, नगर-नगर, रास्तों में रास्ते, वे सुनहरे पल और चलें धामों की ओर तथा चार कविता-संग्रह क्रमश : उम्मीद, फलों का फल सब्जीनामा, धरोहर की पाती और छह लघुकविता संग्रह क्रमशः लुप्त-विलुप्त (हरियाणा, मन की गंगोत्री, स्मृति शेष अतीत के झरोखे और एक बै अमराई मैं (हरियाणा, अनुवादित) पुस्तकें प्रकाशित हो चुकीं हैं। श्री जय भगवान सैनी ने लोकार्पित पुस्तक 'चलें धामों की ओर' के बारे में बताया कि इस पुस्तक में सभी बड़े धामों और छोटे धामों अर्थात सात धामों की यात्रा का वर्णन किया गया है। अतः यह पुस्तक इन धामों की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के पथ प्रदर्शक का काम करेगी। श्री जयभगवान सैनी के इस साहित्यिक कार्य से प्रसन्न होकर देश के भिन्न-भिन्न राज्यों के राज्यपालों द्वारा शुभकामना संदेश भेजे गए हैं और इनको हरियाणा की भिन्न-भिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस पुस्तक के लोकार्पण के समय पाठकपक्ष संध्या दैनिक के कार्यालय में सर्वश्री देवेंद्र उप्पल, वरिष्ठ पत्रकार राजेश चुघ व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आईटीआई चौक स्थित सहकार भवन का शुभारंभ 9 को

## सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएन ठाकुर होंगे मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय विकास संघ के निदेशक धनंजय कुमार सिंह होंगे वशिष्ठ अतिथि



डी.एन.ठाकुर, धनंजय कुमार सिंह व हुकम सिंह भाटी।

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 8 मार्च :** सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएन ठाकुर 9 मार्च को हिसार में सहकार भवन का शुभारंभ करेंगे। आईटीआई चौक स्थित वीके न्यूरो केयर अस्पताल के पीछे शुरू होने वाले इस सहकार भवन के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय सहकारी विकास संघ के निदेशक धनंजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि हरियाणा हरको बैंक के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, नेशनल लैबर फेडरेशन के प्रबंध निदेशक विनय चौहान, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, नगरपालिका बरवाला के चेयरमैन रमेश सरदाना व निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पीयूष मेहता कार्यक्रम के संयोजक होंगे। इसके अलावा विकास बिश्नोई, एडवोकेट मनप्रीत सिरसवा, राजेन्द्र गोदारा, सुशील भाटोल, राजेन्द्र सपड़ा, सुधीर पानू, सुरेन्द्र मेहता व संजय सेहरा कार्यक्रम के सह संयोजक होंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।